लोकसभा अध्यक्ष ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया

...

संसद परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया

...

नई दिल्ली; 1 अक्टूबर, 2023: स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा, 2023 के अंतर्गत लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज कोटा में आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि स्वच्छता से स्वास्थ्य और समृद्धि आती है। स्वच्छता में भगवान का वास होता है। पूज्य बापू ने भी स्वच्छता को मानवता की सर्वोत्तम सेवा बताया था। उन्होंने लोगों से अपना यह संकल्प दोहराने का आग्रह किया कि वे नियमित श्रम दान कर अपने शहर, राज्य और देश को स्वच्छ बनाएंगे।

इस मौके पर संसद परिसर में सफाई अभियान भी चलाया गया. लोकसभा महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने इस अभियान का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में लोकसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।